दैनिक भास्कर नई दिल्ली 30-03-2025

# 689 उत्तीर्ण विद्यार्थियों को स्नातक की उपाधि मिलीं

गुरुग्राम | प्रबंधन विकास संस्थान (एमडीआई गुड़गांव) ने शनिवार को अपना वार्षिक दीक्षांत समारोह 2025 मनाया। इस कार्यक्रम में भारत में वित्तीय सेवा केंद्र का औपचारिक अनावरण भी किया गया, जो देश के वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र के भविष्य को आकार देने की एक अग्रणी पहल है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग के सचिव एम नागराजू ने बिजनेस-मैनेजमेंट के विभिन्न संकायों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्टूडेंट को सम्मानित किया गया। साथ ही उन्होंने इस वर्ष विभिन्न कार्यक्रमों में उतीर्ण हुए कुल 689 विद्यार्थियों को स्नातक की उपाधि प्रदान की। एम नागराजू ने कहा कि एमडीआई गुड़गांव लंबे समय से अकादमिक उत्कृष्टता का प्रतीक रहा हैं। एमडीआई के निदेशक प्रो. अरविंद सहाय ने कहा कि एमडीआई ने भारत में वित्तीय सेवा केंद्र की शुरुआत की जो एक महत्वपूर्ण रणनीतिक कदम में। इसे वित्तीय सेवाओं में अनुसंधान, नीति संवाद और नवाचार के लिए एक राष्ट्रीय ज्ञान केंद्र के रूप में स्थापित किया जाएगा। अर्थशास्त्र, व्यवहार विज्ञान और विनियमन में अत्याधुनिक शोध पर ध्यान केंद्रित करेगा।



एमडीआई में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्टूडेंट को मेडल पहनकर सम्मानित करते मुख्य अतिथि।